दैनिक भास्कर

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
DB ओरिजिनल
क्रिकेट
बॉलीवुड
वुमन
देश
विदेश
बिजनेस
राशिफल
स्पोर्ट्स
करिअर
टेक - ऑटो
जीवन मंत्र

कोरोना की पहली क्लिनिकली टेस्टेड स्वदेशी दवा लॉन्च: रेमडेसिविर से 3 गुना असरदार, दावा- 4 दिन में ठीक हुए मरीज

अहमदाबाद 2 वर्ष पहले

VS
लाइव
बांग्लादेश
219-6 (68.0)
खेल जारी है
फीडबैक दें

दैनिक भास्कर
होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर
साइंस
फेक न्यूज एक्सपोज़
ओपिनियन
मधुरिमा
मैगजीन
राजस्थान की राजनीति
Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

कोरोना वायरस से लड़ने के लिए एक दवा लॉन्च की गई है। इसका नाम 'आयुध एडवांस' रखा गया है।

दो क्लिनिकल ट्रायल से गुजर चुकी ये दवाई कोरोना के मरीजों पर बेहद प्रभावी है। इसका ट्रायल अहमदाबाद के सरकारी अस्पतालों में किया गया। इस दवाई के जरिए मरीज का इलाज करने पर 4 दिन के अंदर ही कोरोना ठीक हो जाता है। सबसे बड़ी बात कि इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

हल्के लक्षण वाले मरीजों पर ज्यादा असरदार

इसके सेवन के बाद शरीर का तापमान, कफ की समस्या और सांस लेने की दिक्कत जैसी परेशानी तेजी से ठीक होती है। विज्ञान और हेल्थ सेक्टर में दुनिया के बड़े जर्नल कंटेम्प्रेरी क्लिनिकल ट्रायल कम्युनिकेशन में इस पर रिसर्च रिपोर्ट पब्लिश हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दवाई कोरोना के हल्के लक्षणों वाले मरीजों पर काफी असरदार है।

दो क्लिनिकल टेस्ट किए गए

इसके अलावा अमेरिका के नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ में भी इस पर एक रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी है। दवाई का पहला क्लिनिकल ट्रायल अक्टूबर 2020 में श्रीमती एनएचएल नगर मेडिकल कॉलेज में किया गया था। दूसरा ट्रायल जनवरी 2021 में GMERS मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में किया गया। पहला ट्रायल ऐसे मरीजों पर किया, जिनमें कोरोना के हल्के लक्षण थे। हल्के लक्षण वाले मरीजों को आयुध एडवांस दिन में चार बार दी गई। सभी मरीज 4 दिन के अंदर ठीक हो गए। ट्रांजेशनल हेल्थ साइंस और टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के मुताबिक ये दवाई रेमडेसिविर की तुलना में 3 गुना ज्यादा प्रभावी है।

21 पौधों से तैयार की गई है आयुर्वेदिक दवा

इसे गुजरात की शुक्ला अशर इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है। ये एक लिक्विड दवा है, जिसे 21 अलग-अलग पौधों से तैयार किया गया है। आयुर्वेद शास्त्र के मुताबिक इन पौधों से लिए गए तत्व सुरक्षित और प्रभावी हैं।

फीडबैक दें
Advertise with Us | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy
Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
HomeOnline.com
BhaskarAd.com
Copyright © 2022-23 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.

दैनिक भास्कर होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीप शुक्ला ने बताया कि आयुध एडवांस, वैक्सीन के मुकाबले काफी अलग है। वैक्सीन किसी एक बीमारी के खिलाफ एंटीबॉडी बनाती है, लेकिन उससे बीमारी 100 प्रतिशत ठीक नहीं होती है। इसके उलट आयुध एडवांस से बीमारियां जड़ से ठीक होती हैं।

दो लाख बीस हजार लोग कोरोना से ठीक हुए

कंपनी की दो दवाएं हैं। इनमें से आयुध एडवांस कोरोना के मरीजों के लिए है, तो दूसरी तरफ आयुध मेंटेन नाम की दवा है। इसका उपयोग इम्युनिटी सिस्टम मजबूत करने के लिए किया जाता है। कंपनी के मुताबिक आयुध मेंटेन का सेवन करने के बाद 2,20,000 आइसोलेट लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। दवा को गुजरात सरकार के आयुर्वेद विभाग ने अप्रूवल दिया है।

खबरें और भी हैं...

राहुल ने बंगाल में रद्द की चुनावी रैलियां: 54 दिन में केवल एक बार प्रचार करने पहुंचे राहुल बोले- दूसरे नेता भी इन रैलियों का अंजाम सोचें

देश शेयर

केजरीवाल की मोदी को चिट्ठी: कहा- दिल्ली में कोरोना के लिए 7000 बेड रिजर्व किए जाएं, ऑक्सीजन भी तुरंत मुहैया करवाएं



देश शेयर

मनमोहन की मोदी को चिट्ठी: अमेरिका और यूरोप ने जिन

फीडबैक दें

देश शेयर

रेलवे की ऑक्सीजन एक्सप्रेस: कोरोना मरीजों के लिए देशभर में ट्रेनों से ऑक्सीजन भेजी जाएगी, सरकार इंटस्ट्रीज की ऑक्सीजन भी अस्पतालों को देगी

देश शेयर

फीडबैक दें